क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि रसायन संभाग मे दिनांक 20 मई, 2023 को "विश्व मधुमक्खी दिवस" के अवसर पर, राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला का वर्चुअल मोड मे उदघाटन श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया । इसी प्रयोगशाला का उदघाटन भौतिक रूप से कृषि रसायन संभाग -आईएआरआई मे डॉ अनुपमा सिंह, डीन एवं संयुक्त निदेशक (शिक्षा), आईसीएआर- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के द्वारा किया गया । संभाग मे उद्घाटन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. अनुपमा सिंह, के स्वागत के साथ हुई। स्वागत भाषण डॉ नीरा सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष और प्रोफेसर, कृषि रसायन संभाग , आईसीएआर-आईएआरआई द्वारा दिया गया। डॉ. सुमन गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक, कृषि रसायन संभाग ने उपस्थित लोगों को नव स्थापित क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला के बारे में जानकारी दी। स्वागत भाषण मे मुख्य अतिथि ने विश्वास दिलाया कि शहद की गुणवत्ता जांच मे यह प्रयोगशाला किसानो के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राजभोज कृषि महाविद्यालय, वारसिवनी, बालाघाट, मध्य प्रदेश से किया गया। कृषि रसायन संभाग के उद्घाटन समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से आये 22 मधुमक्खी पालकों ने भाग लिया। डॉ. प्रिया सैनी, वैज्ञानिक, कृषि रसायन संभाग ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया ।


परीक्षण प्रयोगशाला
dues and organic contaminants
esting laboratory
243
उपकरण कक्ष-II
Instrument Facility-II
240
धकेलिए
PUSH

परीक्षण प्रयोगशाला
dues and organic contaminants
esting laboratory
243
उपकरण कक्ष-II
Instrument Facility-II
240
धकेलिए
PUSH
WELCOME

आरक्षित
RESERVED

Honey
Authenticity Issues
उपकरण कक्ष-I
Instrument Facility-I
Inauguration of
Regional Honey Testing Laboratory
by
Shri Narendra Singh Tomar
In the august presence of

क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला
का
उद्घाटन
२० मई २०२३